सार-समाचार

कथित बाबाओं ने दो युवकों को ठगा

जोधपुर, (कासं)। शहर के पावटा क्षेत्र में गुरूवार की दोपहर में दो कथित बाबाओं ने युवकों को अपनी ठगी का शिकार बनाते हुए उनकी सोने की अंगूठी, फोन और 25 सौ रूपए ऐंठ कर चले गए। जाते हुए अपने फोन नंबर भी देकर गए। ठगी का अहसास होने के बाद पीड़ित महामंदिर थाने पहुंचा और केस दर्ज करवाया। बताया गया कि ठग बाबा एक कार में सवार होकर आए थे। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि लोहार कॉलोनी पावटा निवासी विष्णु पुत्र मंगलाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह गुरूवार की दोपहर में पावटा क्षेत्र में एक पान की दुकान पर बैठा था। उसके साथ में उसका दोस्त भी बैठा हुआ था। तब एक अल्टो कार में दो बाबा सवार होकर आए और उन्हें अपनी बातों में उलझाया। तब एक बाबा ने उसके दोस्त के पहनी चेन का उतरवा कर सात बार सिर से निकाला और बाद में एक रूद्राक्ष उसे दिया गया। फिर बातों में उलझाते गए। रिपोर्ट के अनुसार विष्णु और उसका दोस्त बाबाओं की बातों में इतना फंस गए कि पता ही नहीं चला। बाबाओं ने उनसे सोने की अंगूठी उतरवाने के साथ मोबाइल और 25 सौ रूपए भी धरवा लिए। बाद में कार में सवार होकर निकल गए। जाते हुए बाबाओं ने उन्हें एक मोबाइल नंबर भी दिया। खुद लुटापिटा महसूस होने पर विष्णु महामंदिर थाने पहुंचा। पुलिस ने कथित बाबाओं के खिलाफ केस दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। कार भी पता लगाया जा रहा है।

बीएलओ व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

जालोर, (कासं)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2025 कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और अद्यतन करने के उद्देश्य से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार प्रशिक्षकों द्वारा वोटर लिस्ट को शुद्ध और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) व पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों, मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया, और घर-घर सर्वेक्षण के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6, नाम हटाने के लिए फॉर्म 7, विवरणों में सुधार के लिए फॉर्म 8, और मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने के लिए फॉर्म 6बी के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान बीएलओ को गरुडा एप, बीएलओ रजिस्टर, और दैनिक प्रगति रिपोर्ट के ऑनलाइन संधारण की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। सर्वेक्षण कार्य पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने का प्रशिक्षण दिया गया।

शेखावत पीएम किसान इवेंट में भाग लेंगे

जोधपुर, (कासं)। केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार, 2 अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर आएंगे। वे यहां विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्री शेखावत प्रात: 7.30 बजे जोधपुर रेल द्वारा जोधपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन से 7.40 बजे अजीत कॉलोनी के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात वे प्रात: 10 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र, काजरी जोधपुर में आयोजित पीएम किसान इवेंट में भाग लेंगे। कार्यक्रम उपरांत, वे दोपहर 12.50 बजे प्रतापनगर स्थित श्री महालक्ष्मी गर्ल्स स्कूल में एक स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे रात्रि 8 बजे अजीत कॉलोनी अपने घर पहुंचेंगे तथा रात्रि 8.30 बजे जोधपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रवेश प्रक्रिया जारी, सीटों में बढ़ोतरी

जालोर, (कासं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम शिवाजी नगर जालोर में शिक्षा विभाग के नवीनतम निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने बताया कि नवीनतम प्रवेश निर्देशानुसार विद्यालय में संचालित प्री प्राइमरी कक्षाओं नर्सरी, एलकेजी, एचकेजी में निर्धारित प्रवेश संख्या से 50 प्रतिशत अधिक प्रवेश के लिए अनुमति प्रदान की गई है। प्री प्राइमरी कक्षाओं के अतिरिक्त कक्षा एक से 12 तक अन्य कक्षाओं में भी रिक्त एवं अतिरिक्त सीटों पर भी प्रवेश जारी हैं। कक्षा 11 एवं 12 में विज्ञान एवं कला संकाय संचालित किये जा रहे हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन किये जा सकते है। ऑफलाइन आवेदन के लिए विद्यालय में व्यक्तिगत संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं।

सायला से पैदल जत्था रामदेवरा रवाना

सायला, (निसं)। सायला से शुक्रवार सवेरे लोक देवता बाबा रामदेव के दर्शनार्थ श्री कात्यायनी माता नवयुवक मंडल के तत्वावधान में श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। पैदल जत्था पुराना बस स्टैंड स्थित श्री रिद्धि सिद्धि गणपति मंदिर में दर्शन कर पैदल यात्रा की कामना कर बाबा के जयकारों व ढोल-ढमाकों के साथ रवाना हुआ। ग्रामीणों ने जत्थे में शामिल पैदल जातरुओ को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। महेन्द्रसिंह चंपावत, उमाराम चौधरी, हीराभारती, मुकेश वैष्णव, ललित माली, चंपालाल जोशी, सुमेरसिंह चौहान, किशनसिंह, मीठालाल, लक्ष्मणसिंह, राजु आचार्य, नरपत आचार्य, धीरज छीपा, कमलेश, कपिल त्रिवेदी, उत्तम लोहार, कार्तिक, अंबालाल, मुकेश आदि मौजूद थे।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला जालोर की बैठक 3 अगस्त को आपेश्वर महादेव जी मंदिर परिसर रामसीन में दोपहर 12 बजे जिलाध्यक्ष हीरसिंह राठौड की अध्यक्षता में रखी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मंत्री कपूर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में उपशाखा चुनाव के लिए तिथि निर्धारण, 17 अगस्त को जोधपुर में आयोजित होने वाले जयदेव पाठक के जयंती समापन समारोह की रूपरेखा बनाने, आगामी सितंबर माह में होने वाले जिला सम्मेलन एवं शिक्षक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी दीप सिंह देवल, जिले के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य,सभी उपशाखा अध्यक्ष, मंत्री(महिला एवं पुरुष)एवं कोषाध्यक्ष अपेक्षित रहेंगे।

महिला वरिष्ठ प्रबोधक को धमकी दी

रेवदर, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवका (जीरावल) में कार्यरत महिला प्रबोधक ने विद्यालय के दो शिक्षक संजय सिंह एवं योगराज गुर्जर पर गंभीर आरोप लगाए। मामले को लेकर महिला ने पुलिस थाना रेवदर में दर्ज करवाई लिखित शिकायत में बताया कि दोनों शिक्षक लगातार महिला को परेशान कर रहे हैं। साथ ही कई बार जान से मारने की धमकियां दे चुके हैं। 30 जुलाई को भी संजय सिंह द्वारा विद्यालय में सार्वजनिक रूप से महिला व उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का शिकायत में जिक्र किया। महिला प्रबोधक ने शिकायत में लिखा दोनों अध्यापकों के कारण विद्यालय में माहौल बिगड़ चुका है।

परिवहन विभाग की सेवाएं ऑनलाइन

जालोर, (कासं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से नागरिकों के समय की बचत व सुविधा के लिए लाईसेंस एवं वाहनों से संबंधित अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा सभी प्रकार की फीस, कर एवं शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने आमजन को सूचित किया है कि विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं का अधिक से अधिक ऑनलाइन उपभोग करें। ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी के लिए लाईसेंसधारक एवं वाहन स्वामी कार्यालय में उपस्थित होकर संबंधित अनुभाग में सम्पर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

स्वाधीनता दिवस के लिए बैठक 4 को

जालोर, (कासं)। स्वाधीनता दिवस, 15 अगस्त समारोह मनाने के लिए कार्यक्रम एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 4 अगस्तको प्रात: 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने दी।

आसाराम की सुनवाई टली

जोधपुर, (कासं)। गुजरात और राजस्थान में रेप मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के आसाराम बापू की तरफ से सजा स्थगन को लेकर पेश राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित याचिका पर एक बार फिर सुनवाई टल गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने 30 जुलाई को गुजरात मामले में आसाराम बापू की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका पर सुनवाई से मना कर दिया।

सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें : डॉ. गावंडे

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजेन्द्र नगर स्थित जालोर क्लब में संपूर्णता अभियान, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक आहोर द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन करने के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देशन में जिले के आकांक्षी ब्लॉक आहोर में संपूर्णता अभियान सफलतापूर्वक संचालित हुआ। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत नागरिकों हेतु पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल, स्वच्छता और आजीविका से संबंधित कार्यों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। जिला कलैक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने तथा इन योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त करने की बात कही।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने कहा की संपूर्णता अभियान के तहत समस्त विभागीय अधिकारी कार्मिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभान्वित करें तथा राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला ने बताया की संपूर्णता अभियान, गुरु गोलवलकर आकांक्षा ब्लॉक विकास योजना के तहत आकांक्षी ब्लॉक आहोर ने ''कृषि एवं संबद्ध सेवाएं'' थीम के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड सृजन संकेतक में शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया हैं।

फलस्वरुप किसानों को खेतों की मिट्टी की उर्वरता, पोषक तत्व की स्थिति और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी मिली।

कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषक मित्र खीमाराम मेघवाल, बाबूलाल मीणा, राजाराम चौधरी, प्रगतिशील कृषक धन्नाराम, मानवेंद्र सिंह, शांतिलाल सुथार, मंगलाराम, कृषि अनुसंधान अधिकारी भरतभाई चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी गजेंद्र गोयल, प्रयोगशाला सहायक आकाश मीणा, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक दानाराम गर्ग, रघुनाथ सिंह धायल, कृषि पर्यवेक्षक मोहनलाल यादव, इंदर सिंह, मुकेश कुमार रूंडला, दीपक कुमार खरबास, महेंद्र सिंह यादव, श्याम सिंह, विक्रम कुमार गर्ग, विजयपाल सिंह चौहान, प्रवीण कुमार, पूजा कुमावत को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका निशा एम. ने किया।

इस अवसर पर जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक बिश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा मुनेश कुमार मीणा, संगणक दिनेश सिंह राजपुरोहित, विभागीय अधिकारी-कार्मिक, नगर परिषद कार्मिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित कई जने उपस्थित रहे।

जालोर जिले में 11 मेडिकल फर्मों के औषधि अनुज्ञापत्र निलंबित

जालोर, (कासं)। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक जालोर सुनील कुमार मित्तल ने जालोर जिले में विभिन्न मेडिकल फर्मों के निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 11 मेडिकल फर्मों के औषधि अनुज्ञापत्रों को अलग-अलग अवधि के लिए निलंबित किया है।

औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक जालोर सुनील कुमार मित्तल ने बताया कि जालोर जिले में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत औषधिक नियंत्रण अधिकारी जालोर श्रीमती पुष्पा सोलंकी व सुश्री सुष्मिता नायक द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया जिसमें मेडिकल दुकानों पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट व कम्पीटेन्ट व्यक्ति अनुपस्थित पाये जाने, एनडीपीएस घटक युक्त औषधियाँ का विवरण प्रस्तुत नहीं करने,ही शैड्यूल एच-1 रजिस्टर का संधारण करना नहीं होने सहित विभिन्न अनियमितताएँ पाई गई। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर लाईसेंसधारको को कारण बताओ नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा व्यक्तिगत सुनवाई चाहे जाने पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया किन्तु लाईसेंसी द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही व्यक्तिगत सुनवाई चाही गई। जो कि औषधिक एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के नियम 65(2), 65(3), 65(4), 65(6), 65(16) एवं सपठ्ठित अधिनियम की धारा 18 (सी) एवं लाईसेंसों की शर्तों का उल्लंघन है। जिस पर मैसर्स महादेव मेडिकल बडगांव को जारी अनुज्ञा पत्र को 4 से 10 अगस्त तक, मैसर्स रतन मेडिकल बडगांव के अनुज्ञा पत्र को 4 से 13 अगस्त तक, मैसर्स जसनाथ मेडिकल स्टोर कारी रोड़, रंगाला, मैसर्स मेडिकेयर स्टोर, बिजरोल-गोलिया, मैसर्स महालक्ष्मी एंटरप्राइजेज भीनमाल, मैसर्स ग्लोबल फार्मा सांचौर व मैसर्स भगवती मेडिकल स्टोर पावली के अनुज्ञा पत्र को 18 से 22 अगस्त तक निलम्बित किया गया है। इसी प्रकार रामदेव मेडिकल स्टोर तवाव व मैसर्स सरस्वती मेडिकल हॉल सांचौर के अनुज्ञान पत्र 18 से 24 अगस्त तक तथा मैसर्स ओमशांति गुरूदेव मेडिकल स्टोर जालोर व मैसर्स सरस्वती मेडिकल स्टोर थूर के अनुज्ञा पत्र को 18 से 27 अगस्त तक निलम्बित किया गया है।

बोकड़ा में शिक्षा विभाग की रात्रि चौपाल लगी

जालोर, (का.सं.)। शिक्षा विभाग की रात्रि चौपाल का आयोजन गुरुवार को बोकडा के स्थानीय विद्यालय में किया।

रात्रि चौपाल भंवरलाल परमार जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जालौर , किस्तूराराम बामनिया अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम जालोर , डॉ रमेश खोरवाल अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय जालोर के आतिथ्य में आयोजित हुई। प्रधानाचार्य राउमावि बोकडा अरविंद कुमार ने बताया कि शिक्षक विनोद कुमार वएसडीएमसी के सदस्यो द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और सरकारी विद्यालय में बालकों को अधिक से अधिक नामांकन करवाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जालौर द्वारा स्टाफ की कमी की समस्या को दूर करते हुए पडोसी विद्यालय से शिक्षण व्यवस्था में स्टाफ लगाने की बात कही गई। पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा प्रार्थना पत्र देने पर पांच शिक्षकों को लगाया गया। इसी प्रकार विद्यालय में हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण की समीक्षा की गई। विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में संस्था प्रधान द्वारा ग्रामीणों को बताया गया तथा सरकारी विद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश एवं भामाशाहों को जोडकर विद्यालय में विकास की बात कही गई।

इस अवसर पर रामसिंह , विशन सिंह,रमेश कुमार दहिया, देवाराम चौधरी, देवाराम, रताराम , नारायण सिंह, कांतिलाल परमार, आंगनबाडी कार्यकर्ता , पीईईओ विद्यालय कान सिंह बोकडा , जूठा राम चौधरी, ललित कुमार दवे और अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के दौरान विद्यालय मे अभिभावको द्वारा सरकारी विद्यालय की पढ़ाई अच्छी बताई गई।

पाली का जवाई बांध 40.40 फीट

पाली, (निसं)। पाली जिले में अब तक 70 प्रतिशत बारिश हो चुकी है, जिससे जिले के 14 बांध ओवरफ्लो चल रहे हैं। पाली की लाइफ लाइन पश्चिम राजस्थान के सबसे बड़ा बांध जवाई बांध में एक साल का पानी आ चुका है, शुक्रवार सुबह तक 40.40 फीट गेज पहुंच गया था। शिवगंज के साथ पाली जिले के नौ शहर सुमेरपुर, देसूरी, रानी, जैतारण, मारवाड़, जंक्शन, रायपुर, रोहट, सोजत, एवं बाली समेत 985 गांव को पेयजल उपलब्ध करवाता है। कुछ जालोर जिले के गांवों में भी इसकी पेयजल सप्लाई होती है। इसका गेज 61.25 है। देसूरी, सीरीयारी राजपुरा ,बोमादड़ा पिकअप, बनियावास, हेमावास, सिंदरू, सादड़ी बांध, सरदार संमद, ओवरफ्लो चल रहे हैं।

जर्जर को गिराने व क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश

बाड़मेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को जिलेभर में बरसात के मौसम को देखते हुए विद्यालयों और सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों का भौतिक सत्यापन किया।

शिव उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी ने आईटीआई शिव का निरीक्षण किया, जिसके लगभग सभी कक्ष जर्जर पाए गए। हालांकि इसमें कक्षाएं आयोजित नहीं हो रही हैं।

गुड़ामालानी उपखंड अधिकारी केशव मीणा ने मालपुरा नौखड़ा स्कूल का प्रार्थना के समय निरीक्षण किया। इस विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया साथ ही यहां शैक्षिणक स्तर का भी निरीक्षण किया।

गडरारोड़ उपखंड अधिकारी रामलाल मीना ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. देरावरसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गडरारोड का निरीक्षण किया। यह भवन जर्जर पाया गया। इस भवन में कक्षाएं आयोजित नहीं करने और अन्य वैकल्पिक स्थानों पर कक्षाओं के संचालन के निर्देश दिए। इसके साथ ही इन्होंने जर्जर आंगनबाड़ी गडरारोड़ का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय समद का पार के जर्जर भवन का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का झांकली का निरीक्षण किया गया, जिसमें 4 कमरे और एक पानी का टैंक जर्जर पाया गया। इन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नाथूसिंह का वास, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शहदाद का पार खुर्द, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यज्ञलय द्राभा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय खंगारणी के भवनों का निरीक्षण किया गया।

नायब तहसीलदार बाड़मेर द्वितीय सुदेश महला ने सेंट पॉल उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़मेर का निरीक्षण किया। बारिश की वजह से इसके बेसमेंट में पानी भर गया था, जिसे मड पम्प लगाकर खाली करवाया गया।

फागलिया नायब तहसीलदार महेन्द्र कुमार राजपुरोहित ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठाम पंचायत बाधा का निरीक्षण किया। इसमें 5 कमरे जर्जर पाए गए। इसके बाद में इस भवन को सील करने और डिमोलिस करने के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीलों की बस्ती, ठाम पंचायत गंगासरा, सेड़वा का निरीक्षण किया गया। इसमें 4 कमरे जर्जर अवस्था पाए गए। इन कमरों को तुरंत सील करने के निर्देश दिए गए और इसके डिमोलिस करने के प्रस्ताव करने के निर्देश दिए।

मृत खानाबदोश की नहीं हुई पहचान

जोधपुर, (कासं)। शहर के पुराना हाईकोर्ट रोड टाउन हॉल के सामने रेलवे ट्रेक पर एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी पांच दिन बाद भी पहचान नहीं हो पाई। मृतक खाना बदोश बताया जाता है। शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि 26 जुलाई को टाउन हॉल के सामने रेलवे ट्रेक के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिस पर उसे बाद में एमजीएच की मोर्चरी में शिनाख्त के लिए रखवाया गया। मगर उसकी आज पांचवें दिन भी पहचान नहीं हो पाई। मामले को लेकर थाने के हैडकांस्टेबल प्रकाशचंद्र की तरफ से रिपोर्ट दी गई है।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा

जालोर, (कासं)। राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मां योजना) के प्रभावी संचालन एवं समीक्षा के लिए 1 अगस्त को एमसीएच सेंटर जालोर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा ने की।

इस दौरान उप नियंत्रक जिला अस्पताल डॉ. कमलेश मीणा, उप नियंत्रक एमसीएच सेंटर डॉ. नैनमल परमार, सहित डॉ. मुकेश चौधरी, डॉ. प्रकाश विश्नोई, डॉ. बाबूलाल चौधरी, डॉ. अभिषेक पटेल, डॉ. राकेश मेवाडा, डॉ. प्रवीण सुथार, नर्सिंग अधीक्षक पुष्पेन्द्र भारती, गुलजार अली, चम्पालाल, मनोहरलाल, आमिर खान, गौतम कुमार, किशोर कुमार, मुस्ताक अली सहित संबंधित अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा की गई एवं संचालन में आ रही चुनौतियों व उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने इस योजना के जरिये जिले में आमजन को और अधिक सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराया।

बैठक में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। कहा कि हम सबका सामूहिक प्रयास ही योजना को जमीन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में मदद करेगा।

बैठक के दौरान समीक्षा करते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मोबाइल वाहन से विधिक सेवा कार्यक्रमों का प्रचार

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से जालोर न्यायक्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए आई मोबाइल वाहन को शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन को पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अमर वर्मा, एससीएसटी न्यायालय के न्यायाधीश परवेज अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1 राजेंद्रसिंह चारण, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या गोदारा, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीण भादरू, पुस्तकाध्यक्ष भूपेश राठौड, मुमताजअली, रमेश कुमार सोलंकी, नवीन गहलोत, पारसमल गार्गी, इन्द्रजीत मेघवाल, इंसाफअली, संतोष भारती, न्यायालय प्रबंधक भूपेश व्यास, सहित बार एसोसिएशन के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। वाहन जालोर जिले में 21 अगस्त तक रहेगा। जालोर में 1 से 5 अगस्त तक रहेगा। इसी प्रकार भीनमाल तालुका में 6 अगस्त से 11 अगस्त तक, रानीवाडा तालुका में 12 से 14 अगस्त, सांचौर तालुका क्षेत्र में 18 से 21 अगस्त तक प्रचार प्रसार के लिए उपलब्ध रहेगा। इस दौरान वाहन के माध्यम से विभिन्न गांवों में जाकर विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी एवं विभिन्न योजनाओं के पंपलेट्स, पोस्टर आदि वितरित किए जाएंगे।

किशन कांकरिया के नेत्र दान

पाली, (नि.सं.)। सोजतिया बास, पाली निवासी 55 वर्षीय किशन कुमार कांकरिया पुत्र स्वर्गीय हस्तीमल कांकरिया के निधन के पश्चात् उनके परिजनों ने उनकी दोनों आंखे दान कर दो दृष्टिहीन बन्धुओं को दृष्टि मिलने का रास्ता प्रशस्त कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन कांकरिया के हुए आकस्मिक निधन से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल था। जानकारी मिलने पर ऐसे माहौल में भी हिम्मत जुटा कर सामाजिक कार्यकर्ता पदम ललवाणी, अशोक बाफना एवं आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान, पाली चैप्टर के सचिव केवल चंद कवाड़, भंवरलाल सेमलानी ने दिवंगत की धर्मपत्नी श्रीमती लाजवंती, पुत्र दीक्षांत, पुत्रवधू रुशाली, पुत्री दिव्या, दामाद दीक्षित कोठारी, एवं साले मनीष नाहर से दिवंगत के नेत्रदान के लिए निवेदन किया ।

स्वीकृति मिलने पर आई बैंक, पाली चेप्टर अध्यक्ष हुक्मीचंद मेहता ने डा. महेंद्र सिंह चौधरी, डॉक्टर सुनयना हटीला, डॉक्टर नमन राजपुरिया, डॉक्टर सुभाष सैनी एवं सहायक महीपाल राठौड, अशोक घावरी के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाई। दिवंगत की दोनों आंखे दान में प्राप्त कर जयपुर भिजवाई गई, जहां दो नेत्रहीन बन्धुओं को कार्निया प्रत्या रोपित कर दृष्टि प्रदान की जायेगी। वहीं लोगों ने शोकाकुल परिवार की और से सेवा भावी कार्य की सराहना की।

ऑपरेशन कर असहनीय पीड़ा व सूनेपन से राहत दी

जोधपुर, (का.सं.)। सफल ऑपरेशन करके मरीज को राहत दी गई।

35 वर्षीय कैलाश चार माह से पैरों में असहनीय पीड़ा और सूनेपन से पीड़ित था जिसके कारण उसकी पेशाब और शौच का कंट्रोल समाप्त होगया था। मरीज को स्पाइन में जटिल स्थान पर गांठ होने की वजह से मरीज का चलना फिरना मुश्किल हो गया था तथा साथ ही मरीज के पैरों में सुन्नपन आ गया था। जिसकी वजह से मैरिज वह मरीज के परिजन बहुत ज्यादा परेशान थे। मरीज ने राजस्थान कई चिकित्सकों से अपना इलाज करने के लिए संपर्क किया परंतु किसी भी प्रकार का लाभ नहीं होने की वजह से मरीज ने कल विनायक का हॉस्पिटल गीता भवन जोधपुर में वरिष्ठ न्यूरो सर्जन को अपना चेकअप करवाया। चेकअप करवाने के बाद मरीज की सारी जांच की गई। जांचों में मरीज के स्पाइनल कॉर्ड में जटिल जगह में बड़ी गांठ होना पाया गया। जिसकी वजह से मरीज का चलना फिरना मुश्किल हो गया था। मरीज और इस परिजन बहुत ज्यादा परेशान थे। वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉक्टर नगेंद्र शर्मा ने तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी और आज मरीज का सफल ऑपरेशन कर स्पाइनल कॉर्ड में जटिल जगह स्थित गांठ को पूर्ण रूप से निकाल दिया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज एकदम पूर्णतया स्वस्थ है तथा जो मरीज के पैरों में असहनीय पीड़ा में पूर्ण आराम मिल गया और सूनेपन में भी आराम होना शुरू होगया। मरीज व उसके परिजन इस ऑपरेशन से बहुत ही प्रसन्न है । वह परिजन ने विनायक अस्पताल का अस्पताल की पूरी टीम वी डॉक्टर नगेंद्र शर्मा को बहुत-बहुत बधाई दी। विनायक अस्पताल की व्यवस्थापक डॉक्टर कविता शर्मा ने बताया कि विनायक अस्पताल में आज प्रथम सफल न्यूरो सर्जरी का ऑपरेशन हुआ है और भविष्य में भी डॉ. नगेंद्र शर्मा की सेवाएं जारी रहेगी। डॉ. कविता शर्मा ने पूरी टीम और नगेंद्र शर्मा को इस जटिल सर्जरी की सफलता के लिए बधाई दी। ऑपरेशन में एनेस्थेटिस्ट डा सुनैना गोधवानी और पूरी टीम के सदस्यों ने सहयोग किया।

केरू में घर में बैठे युवक पर जानलेवा हमला

जोधपुर, (कासं)। केरू क्षेत्र रामदेव कॉलोनी में एक दलित युवक पर जानलेवा हमला हुआ। गाडिय़ों में सवार होकर आए कुछ लोगों ने हमला किया और बीचबचाव करने वाले का अपहरण का प्रयास किया। पीड़ित ने राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि केरू स्थित रामदेव कॉलोनी निवासी एक युवक की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि गुरूवार को दिन में वह अपने घर पर था और उसका दोस्त आया हुआ था। तब 5-6 बोलेरो गाडिय़ों में सवार होकर बदमाश आए और उस पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला किया। उसके दोस्त ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उसका अपहरण का प्रयास किया। उसके दोस्त को जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। पड़ौस में रहने वाली एक महिला ने भी बचाव का प्रयास किया तो उससे भी बदतमीजी की गई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। आंरभिक पड़ताल में पता लगा कि पीड़ित और आरोपियों के